आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.06.2026 समय : 1905

- पश्चिम बंगाल सरकार ने महिला स्शक्तीकरण को बढ़ावा देते हुए राज्य के बजट में सरकारी नौकरियों में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण लागू करने की घोषणा की।
- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की अध्यक्षता में नई दिल्ली में ब्रिक्स एन एस ए की बैठक में ग्यारह देशों के सुरक्षा प्रमुखों ने भागीदारी की।
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह में पोलियो उन्मूलन अभियान के अंतर्गत अट्ठाईस जून को शत–प्रतिशत बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- समुद्री सुरक्षा और नौवहन प्रणाली की जानकारी के लिए विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस पर एन सी सी कैडेट्स ने सर्वे यूनिट में आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।।

<><><><><><><>

पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार ने 2026–27 के लिए अपना पहला पूर्ण बजट पेश किया। रोजगार और जन कल्याण को बढ़ावा देते हुए राज्य के विभिन्न विभागों में एक लाख खाली पदों पर नियुक्ति की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने बजट पेश करते हुए बताया कि नौकरियों में तैंतीस प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। इनमें शिक्षकों और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के लिए 50 हजार पद और पुलिस विभाग में 20 हजार नियुक्तियां शामिल हैं। अग्निवीरों के लिए आवश्यकतानुसार 10 प्रतिशत आरक्षण शुरू किया गया है। सिविक वॉलंटियर्स, होम गार्ड, ग्रीन पुलिस कर्मियों और एन.वी.एम कर्मचारियों का मासिक मानदेय दो हजार रुपये बढ़ाया गया है। कोलकाता क्षेत्र के लिए कल्याणी के पास एक नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का प्रस्ताव है। बजट में दो प्रमुख रक्षा केंद्रों के विस्तार और विकास में मदद के लिए हासीमारा एयर फोर्स स्टेशन को 25 एकड़ और कलाईकुंडा एयर फोर्स स्टेशन को सैंतीस एकड़ जमीन सौंपने का प्रस्ताव भी है।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में ब्रिक्स के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों – एन.एस.ए की बैठक चल रही है। दो दिन की इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल कर रहे हैं। इस बैठक में समूह के 11

सदस्य देशों के सुरक्षा प्रमुख भागीदारी कर रहे हैं। इन देशों में भारत, ब्राज़ील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। बैठक का मुख्य विषय वर्तमान समय में गैर–पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियां है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरों के तेज़ी से बदलते स्वरूप और उभरते सुरक्षा जोखिमों में नई तकनीकों की भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत 5 वर्ष आयु वर्ग तक के सभी बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन की दो बूंदें पिलाई जाएंगी। इसके बाद अगले दो दिनों तक स्वास्थ्यकर्मी घर–घर जाकर टीकाकरण से वंचित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोलियो की खुराक देंगे। उप निदेशक स्वास्थ्य एवं राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अविजित राय ने बताया कि भारत जनवरी 2011 से पोलियो वायरस से मुक्त है तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मार्च 2014 में दक्षिण–पूर्व एशिया क्षेत्र, जिसमें भारत भी शामिल है, को पोलियो मुक्त घोषित किया था। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए नियमित टीकाकरण और पल्स पोलियो अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस वर्ष द्वीपसमूह में लगभग उन्नीस हजार तीन सौ तैंतालीस बच्चों को चार सौ सैंतालीस पोलियो बूथों के माध्यम से टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। हवाई अड्डे, समुद्री बंदरगाह एवं अन्य ट्रांजिट स्थलों पर भी विशेष बूथ स्थापित किए जाएंगे। पर्यटकों के बच्चों और वन क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को भी अभियान के दायरे में शामिल किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए एचपीवी टीके को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया गया है, जो 14 वर्ष की आयु पूरी करने वाली बालिकाओं को कैंसर से बचाव हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है।

<><><><><><><>

आईसीएआर–कृषि विज्ञान केन्द्र, केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, निकोबार द्वारा माह–व्यापी 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में छोटा एनाका गांव, के सामुदायिक भवन में किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र, निकोबार के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संतोष कुमार ने अपने संबोधन से किया। इस अवसर पर उन्होंने 'खेत बचाओ अभियान' के उद्देश्यों और सतत कृषि पद्धतियों के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एवं ननकौड़ी के सहायक आयुक्त क्षितिज ज्ञानराज सा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर किसानों को नारियल के पेड़ पर चढ़ने वाली मशीन एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीज भी वितरित किए। जनजातीय परिषद् के सचिव

पिलग्रिन तथा छोटा ईनाका के प्रथम कप्तान मोसेस ने भी किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर बल दिया।

<><><><><><><>

विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस 2026 के उपलक्ष्य में अंडमान एवं निकोबार एनसीसी के कैडेट्स ने राजधानी श्री विजयपुरम स्थित हाइड्रोग्राफिक सर्वे यूनिट का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर कैडेट्स को हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण, समुद्री सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भ्रमण के दौरान कैडेट्स को आधुनिक हाइड्रोग्राफिक सर्वे उपकरणों, डिजिटल चार्टिंग तकनीकों तथा सुरक्षित नौवहन को समर्थन देने में हाइड्रोग्राफिक सर्वे यूनिट की भूमिका से अवगत कराया गया। विशेषज्ञों द्वारा आयोजित इंटरैक्टिव प्रस्तुतियों और व्यावहारिक प्रदर्शनों के माध्यम से कैडेट्स को नौसेना की हाइड्रोग्राफिक गतिविधियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें समुद्री क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों की भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से समुद्री क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों की भी विस्तृत जानकारी दी गई और कैडेट्स के समुद्री मामलों संबंधी ज्ञान में वृद्धि के साथ साथ राष्ट्रीय समुद्री विकास में हाइड्रोग्राफी के महत्व का उल्लेख किया गया। कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर रेयाज फारूक ने उपयोगी और प्रेरणादायक जानकारी के लिए नेवल कंपोनेंट कमांडर कमोडोर नितेश गर्ग और प्रभारी अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर भास्कर चक्रवर्ती का आभार जताया।

<><><><><><><>

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की अंडमान निकोबार शिप रिपेयर यूनिट ने कल राजधानी श्री विजयपुरम स्थित मरीन डॉकयार्ड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कार्यक्रम में सीएएनएसआरयू के अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि अंडमान एवं निकोबार योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की सचिव एन. रथा ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने बढ़ती आयु में बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए नियमित योगाभ्यास के महत्व पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सी ए एन एस आर यू के सहायक महाप्रबंधक बिनु के. कुरियाकोस ने प्रतिभागियों को योग सामग्री वितरित कर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक एचआर एवं आईआर मैथ्यू वर्गीज ने नियमित योगाभ्यास से मिलने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, श्री विजय पुरम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हुआ। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग अस्सी विद्यार्थियों, सह–प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों तथा गैर–शिक्षण कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के सहयोग से किया गया। दोनों विभागों के अधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. जी. एस. बघेल के स्वागत भाषण से शुरू हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर समग्र स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और जीवन में सामंजस्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. के. वी. रमणमूर्ति ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

<><><><><><><>